53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 28.0°c
अधिकतम 32.6 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606   संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा   रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:38, सूर्यास्त - 7:12 | वर्ष : 53/अंक : 209 | बुधवार, 30 जुलाई 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, षष्ठी | सम्वत् 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

अहंकार और संस्कार में फर्क है, अहंकार दूसरों को झुकाकर खुश होता है और संस्कार स्वयं झुककर खुश होता है।

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

दुनिया के किसी भी देश के नेता ने भारत को सुरक्षा कार्रवाई करने से नहीं रोका : मोदी

अब दुनिया का कोई नेता 25 बार कहे या 30 बार... वो झूट ही कहेगा.....

श्री भीम सैन कंसल जी (उद्योगपति एवं प्रमुख समाज सेवी)
श्री संजय मित्तल जी (प्रान्तीय उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल मुजफ्फरनगर)
रोट्रे० लक्ष्य गर्ग (अध्यक्ष)
रोट्रे० वासु गुप्ता (सचिव)
रोट्रे० चिन्मय गुप्ता (कोषाध्यक्ष)
रो० रजत राठी (रोट्रेक्ट चेयरमैन)
रोट्रे० प्रणव सिंहल
रोट्रे० चिन्मय मित्तल
रोट्रे० यश गोयल
रोट्रे० शिवांश गर्ग
रोट्रे० सिद्धांत गुप्ता

न्यूमैक्स टीम- संजय अग्रवाल (डायरेक्टर) अमित अहलावत, अनुज शर्मा, रोबिन सैनी, दीपक दत्त, अजय यादव

NUMAX
LIVE THE NUMAX EXPERIENCE

न्यूमैक्स सिटी में रोट्रेक्ट क्लब ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत किया वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान का अनूठा संगम

मुज़फ़्फ़रनगर। रोट्रेक्ट क्लब ऑफ़ मुज़फ़्फ़रनगर संयम ने 26 जुलाई को न्यूमैक्स सिटी, मेरठ रोड (मूलचंद रिज़ॉर्ट के पास) में एक भव्य वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि- भीम सैन कंसल और संजय मित्तल उपस्थित रहे। उनके साथ न्यूमैक्स सिटी के पदाधिकारी, रोट्रेक्ट चेयरमैन रोटेरियन रजत राठी, क्लब अध्यक्ष रोट्रे. लक्ष्य गर्ग, सचिव रोट्रे. वासु गुप्ता, कोषाध्यक्ष रोट्रे. चिन्मय गुप्ता व अन्य सदस्यों ने मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए।

इस अभियान की खास बात यह रही कि सभी पौधे "एक पेड़ माँ के नाम" मुहिम के अंतर्गत प्रत्येक सदस्य द्वारा अपनी माताजी के नाम पर लगाए गए। यह पहल माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरणीय संकल्पों और मातृशक्ति के सम्मान से प्रेरित थी।

रोट्रेक्ट चेयरमैन रोटेरियन रजत राठी ने कहा, "पौधारोपण न सिर्फ पर्यावरण को संरक्षित करने का सशक्त माध्यम है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों को भी स्वच्छ वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।"

क्लब अध्यक्ष लक्ष्य गर्ग ने सभी अतिथियों और सहभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, "यह अभियान मातृभक्ति और प्रकृति प्रेम का अद्वितीय संगम है, जिसे हम लगातार आगे बढ़ाते रहेंगे।"

एम.डी. श्री सुनील गोयल जी ने सभी पौधों की आजीवन देखभाल की जिम्मेदारी स्वयं ली है।

सुनील गोयल (मैनेजिंग डायरेक्टर) न्यूमैक्स ग्रुप

चैतन्य गोयल (एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर)

53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 93685449219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 53/अंक : 209 बुधवार, 30 जुलाई 2025 श्रावण, शुक्ल पक्ष, षष्ठी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये

भ्रष्टाचार की पिच पर खेल रहे टीएसआई बुलेटिन की बॉल पर हुए क्लीन बोल्ड

▶▶ इसी तरह चलती रहेगी बुलेटिन पाठकों के दम पर बेबाकी से बुलेटिन की कलम ▶▶ भ्रष्टाचारियों को किसी सूरत में नहीं बख्शेगा बुलेटिन

मुजफ्फरनगर, 29 जुलाई (बु.)। जनपद में विभिन्न समस्याओं को अपने पाठकों के सहयोग के साथ बुलेटिन लगातार उठाता रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को प्रकाशित हुए मुजफ्फरनगर बुलेटिन समाचार पत्र के प्रमुख समाचार 'चौराहों पर चैकिंग नहीं चरम पर हो रहा भ्रष्टाचार खुद वीडियो देख लें जिले की सत्ता के ठेकेदार' के प्रकाशन के बाद बुलेटिन सोशल मीडिया पर भी इस वीडियो को वायरल किया गया। वीडियो वायरल होने के बाद देर शाम तक अधिकारियों, नेताओं में खूब मंथन चला कि अब क्या किया जाए, देर शाम तक सभी मंथन फेल हुए और भ्रष्टाचार खड़े होकर देखने वाले टीएसआई महेश कुमार को सस्पेंड कर दिया गया, जबकि उनके पीछे अपनी जेब भर रहे होमगार्ड इकरार के खिलाफ जिला कमांडेंट को लिखा गया। जल्द ही इकरार के खिलाफ भी विभागीय कार्यवाही होने की पुष्ट सूचना मिली है। भ्रष्टाचार की पिच पर खेल रहे टीएसआई महेश कुमार व होमगार्ड इकरार तो बुलेटिन की बॉल पर बोल्ड हो गए और बुलेटिन पाठकों ने इस बात की बधाई मुजफ्फरनगर बुलेटिन के फेसबुक के माध्यम से उन्हीं दी मगर सिलसिला यहीं खत्म नहीं होगा, बादस्तूर बुलेटिन आप सबसे अपील करता है कि चरम पर पहुंच चुके भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए अकेला बुलेटिन ही काफी नहीं है, इसके लिए आप सबका सहयोग मिलना आवश्यक है। ऐसे में मुजफ्फरनगर जिले के अंदर किसी भी विभाग में यदि आम आदमी से कोई रिश्वत मांगी जाए और यदि आपमें रिश्वत देने की क्षमता नहीं है तो ऐसी कोई वीडियो अथवा फोटो रिकॉर्ड करके बुलेटिन को जरूर भेजें, जिससे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक यह बात पहुंच पाए कि उनके शासन में भ्रष्टाचार किस चरम तक पहुंच चुका है और आम आदमी को न्याय मिल पाए। मुजफ्फरनगर बुलेटिन में उक्त समाचार प्रकाशित होने के बाद स्वतः राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने सुबह ही यह समाचार पढ़कर, उसके बाद वीडियो की पुष्टि कर एसएसपी व एसपी ट्रैफिक दोनों से सख्त लहजे में बात की और किसी भी तरह की माफी न देने से इंकार कर दिया। देर शाम तक लम्बी गहमा-गहमी के बाद आखिर टीएसआई महेश कुमार को बिना किसी लाग-लपेट के सस्पेंड कर दिया गया। अब देखना यह होगा कि आने वाले समय में स्वयं सत्ताधारी भ्रष्टाचार की कितनी पोल खोल पाते हैं और कितनों को सस्पेंड करवा पाते हैं।

जल्द ही होगा कुछ और विभागों का वीडियो के साथ ही खुलासा

मुजफ्फरनगर। सड़कों पर हो रहे भ्रष्टाचार को बुलेटिन आज से नहीं पिछले एक वर्ष से शहर के अतिक्रमण, अवैध ई रिक्शाओं व ग्रामीणों के हैलमेट पर चालान लगातार प्रकाशित करता रहा है, मगर नेताओं को सुबूत की आवश्यकता थी तो बुलेटिन ने सुबूत भी पेश किए। सिर्फ एक वीडियो जारी कर-के सिलसिला समाप्त नहीं होगा, बादस्तूर ऐसी ही भ्रष्टाचार की कोई दूसरी वीडियो किसी अन्य विभाग की जल्द ही बुलेटिन द्वारा दिखाई जाएगी, क्योंकि भ्रष्टाचार का यह नासूर प्रत्येक विभाग की नस नस में खून की तरह समा चुका है और इसका उपचार आम जनता ही कर सकती है, यदि आम जनता खुद अपना काम कराने में किसी कर्मचारी को पेशकश न करे तो शायद आधा भ्रष्टाचार वहीं समाप्त हो जाएगा मगर बुलेटिन को यह भी पता है कि आज का आदमी यह सोचता है कि नेताओं की चौखट पर नाक रगड़ने से अच्छा है चंद रुपये रिश्वत देकर जल्द से जल्द अपना काम करा लिया जाये मगर कुछ लोग अभी भी ऐसे मौजूद हैं जो भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते हैं, ऐसे ही आवाज उठाने वालों का बुलेटिन स्वयं सहयोग करेगा और फिर एक नए भ्रष्टाचार के खुलासे को आप तक जल्द पहुंचायेगा।

सिर्फ फेसबुक पर ही नहीं आम जनता को भ्रष्टाचार के विरोध में खुद भी सड़कों पर उतरना होगा

मुजफ्फरनगर। बुलेटिन द्वारा जारी की गयी भ्रष्टाचार की वीडियो के बाद बेशक बुलेटिन पाठकों ने बुलेटिन की हौसला अफजाई में कोई कोसर कसर नहीं छोड़ी, मगर बुलेटिन का आग्रह हमेशा यही रहेगा कि सिर्फ फेसबुक पर बुलेटिन को किसी प्रकार की वाहवाही नहीं चाहिए, आप सभी पाठकों व आमजन को नगर की हरेक समस्या के लिए सिर्फ फेसबुक ही नहीं, सड़कों पर विरोध हेतु उतरना होगा और अपना समय खर्च करना होगा, तभी अगले दो वर्षों में शहर का नक्शा कुछ और ही दिखेगा। बुलेटिन अपने पाठकों को आश्वस्त करता है कि बिना किसी लोभ-लालच के इसी बेबाकी के साथ हम लोग आम जनता की प्रत्येक समस्या उठाते रहेंगे और जब तक उक्त समस्याओं का हल नहीं होगा, तब तक चैन से नहीं बैठेंगे।

सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए दुनिया के किसी नेता नहीं कहा : मोदी



नयी दिल्ली, 29 जुलाई (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दुनिया के किसी भी नेता ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के अड्डों को ध्वस्त करने के लिए भारत की ओर से चलाए गये 'आपरेशन सिंदूर' को रोकने को नहीं कहा था। श्री मोदी ने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए यह बात कही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने के विपक्ष के आरोपों के खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान दुनिया के किसी नेता ने इसे रोकने को नहीं कहा था। इससे पहले सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति बार बार यह कह रहे हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रुकवाई थी। उन्होंने प्रधानमंत्री से इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करने की मांग की थी। इससे पहले भी विपक्ष श्री ट्रम्प के दावों के बीच लगातार यह मांग करता रहा है। श्री मोदी ने कहा, 'आपरेशन सिंदूर' के दौरान अमेरिका के उप राष्ट्रपति जे डी वेंस ने फोन पर हुई बातचीत के दौरान कहा था कि पाकिस्तान बहुत बड़ा हमला करने वाला है, तो मेरा जवाब था कि अगर पाकिस्तान का यह इरादा है, तो उसे बहुत महंगा पड़ेगा। हम बड़ा हमले करके जवाब देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने ऐसा प्रचंड प्रहार किया, जिसकी पाकिस्तान ने कल्पना भी नहीं की थी। भारत ने पाकिस्तान को घुटनों पर आने को मजबूर कर दिया। भारत की कार्रवाई से बौखलाये पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक ने इसे रोकने की गुहार लगायी। पाकिस्तान ने कहा, ह्र बस करो, बहुत मारा, अब और नहीं, हमला रोक दो। श्री मोदी ने कहा 'हमने पहले ही कहा है कि हम गोली का जवाब गोले से देंगे। आपरेशन सिंदूर के दौरान हमने पाकिस्तान की सैन्य शक्ति को तहस-नहस कर दिया था। यह हमारा जवाब था, यह हमारा जज्बा था। पाकिस्तान आज भलीभांति जान गया है कि भारत का हर जवाब पहले से ज्यादा तगड़ा होता है। भविष्य में नौबत आयी तो भारत कुछ भी कर सकता है।' उन्होंने कहा कि वह लोकसभा में दोहराना चाहते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है। पाकिस्तान भविष्य में दुःसाहस करेगा तो उसे करारा जवाब दिया जायेगा। आज का भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ है। आत्मनिर्भरता के मंत्र को लेकर ही पूरी शक्ति के साथ देश तेज गति से आगे बढ़ेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आपरेशन सिंदूर से आतंकवादियों और उन्हें पनाह देने वाले उनके आकाओं को समझ में आ गया है कि भविष्य में कोई हमला किया गया तो उन्हें उसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और परमाणु ब्लैकमेलिंग अब नहीं चलेगी। श्री मोदी ने कहा कि आपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवादियों और उनके आकाओं को नींद नहीं आती है और वे भलिभांति समझ गये हैं कि यदि फिर कोई हमला किया तो भारत उनके किये की सख्त सजा देगा। आपरेशन सिंदूर ने तय कर दिया है कि भारत में आतंकी हमले की उसके आकाओं को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा आतंक के आकाओं को समझ लेना चाहिए कि यदि अब भारत में आतंकी हमला हुआ तो वह उसका अपने हिसाब से, अपने तरीके से, अपनी क्षमता के अनुसार जवाब देगा और किसी भी तरह की 'परमाणु ब्लैकमेलिंग' अब नहीं चलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के खिलाफ भारतीय सेना ने जिन निर्धारित लक्ष्यों को सटीक निशाना बनाया उसके लिए उसकी कोई भी तारीफ करना कम है। कमाल यह रहा कि पाकिस्तान के कोने कोने में भारत ने आतंक के अड्डों को ध्वस्त किया लेकिन पाकिस्तान कुछ नहीं कर सका। श्री मोदी ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादी हमला 22 अप्रैल को हुआ था और उस पर उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा था कि इसका करारा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में बैठक बुलाकर साफ साफ निर्देश

शेष समाचार : पृष्ठ - 4 पर

ट्रक के नीचे कूदकर युवक ने की आत्महत्या

खतौली, 29 जुलाई (बु.)। दिन निकलते ही एक युवक द्वारा सड़क पर चलते ट्रक के नीचे कूदकर आत्महत्या कर ली। इस भयावह दृश्य को देखकर नागरिकों में हड़कम्प मच गया। युवक की आत्महत्या की घटना का दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल भी हुआ। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह दिन निकलते ही नगर के बुढ़ाना तिराहे पर सड़क किनारे खड़ा एक अज्ञात युवक किसी वाहन की इंतजार में खड़ा दिखाई दिया। इस मौके पर मौजूद दुकानदारों व प्रत्यक्षदर्शियों के कथानुसार इसी दौरान मेरठ की ओर से एक 18 टायरा ट्रक जैसे ही युवक के नजदीक आया तो बताया जाता है कि तभी अज्ञात युवक ट्रक के पिछले टायरों के आगे कूद गया और युवक का शरीर ट्रक के टायरों के नीचे बुरी तरह कुचल गया। बताया जाता है कि युवक ट्रक के टायरों के साथ-साथ काफी दूरी तक घिसटता चला गया। सड़क पर जा रहे नागरिकों के शोर मचाते ही जैसे ही चालक ने ट्रक को रोका, तब तक युवक का शरीर बुरी तरह कुचल चुका था। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा एम्बुलेंस द्वारा युवक को तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, परन्तु चिकित्सकों द्वारा युवक को मृत घोषित कर दिया गया। कोतवाली पुलिस द्वारा मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया गया, परन्तु पुलिस को कोई सफलता नहीं मिल

पाई। पुलिस द्वारा घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के द्वारा मृतक की पहचान के प्रयास किये जा रहे हैं। युवक द्वारा ट्रक के नीचे कूदकर आत्महत्या करने के कारण का भी पता लगाने का प्रयास जहां पुलिस द्वारा किया जा रहा है, वहीं युवक द्वारा स्वयं आत्महत्या की गयी है अथवा युवक द्वारा मानसिक दबाव में यह कदम उठाया गया है, इसको लेकर नागरिकों में चर्चा का सिलसिला बना रहा।

रेलवे ट्रैक पर मिला महिला का शव

मुजफ्फरनगर, 29 जुलाई (बु.)। नई मण्डी कोतवाली के बाद थाना सिविल लाइन में संधावली अंडर पास के पास एक महिला का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। उक्त महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी। बस इतनी जानकारी मिल पाई कि महिला की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। ट्रेन से महिला के कटने की सूचना पर थाना सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त के प्रयास किये, मगर समाचार लिखे जाने तक महिला के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। महिला की उम्र का अंदाजा लगाया तो 40-45 वर्ष के बीच आंकी गयी है। तथा महिला ने नीले रंग का सूट सलवार पहने हुए था। पुलिस शव के शिनाख्त का प्रयास कर रही है। फिलहाल शव को मॉर्चरी भिजवा दिया गया है।

आस्था का केंद्र है सिद्धपीठ डल्लू देवता मंदिर, नाग पंचमी पर लगता है श्रद्धालुओं का तांता

मुजफ्फरनगर, 29 जुलाई (बु)। भारत की पहचान भारत का सनातन है। हमारे यहां कई ऐसे सिद्धपीठ हैं, जहां लोगों की आस्था सिर चढ़कर बोलती है। ऐसा ही एक प्राचीन सिद्धपीठ है मुजफ्फरनगर के शामली रोड स्थित डल्लू देवता मंदिर, यहां प्रदेश के कोने-कोने से लोग आते हैं और नागपंचमी के दिन नाग देवता को दूध का प्रसाद अर्पण करते हैं, क्योंकि नाग पंचमी को यहां साक्षात नाग देवता का वास होता है। भक्त उनके दर्शन कर धर्म लाभ उठाते हैं। अपनी मन्नत पूरी होने पर यहां विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां भक्त जो मन्नत मांगते हैं, वो पूरी होती है। मंगलवार को प्रसिद्ध सिद्धपीठ डल्लू देवता मंदिर में आस्था और विश्वास में भक्त डूबे दिखाई दिए। हजारों की संख्या में भक्तों का तांता नाग देवता के दर्शन करने में लगा हुआ था। दर्शन करने के लिये लंबी-लंबी लाइनें लगी थी। लोग नाग देवता की मूर्ति पर दूध चढ़ा रहे थे। साथ ही नगर के सामाजिक लोगों द्वारा कराए गए भंडारे में भक्त प्रसाद भी ग्रहण करते दिखे, भंडारे में देसी घी के हलवे के साथ पूरी, सब्जी के प्रसाद का श्रद्धालु इस दौरान लुत्फ उठाते दिखे। कई भक्त निशभाव से सेवा में लगे हुए थे, जिनमें मुख्यतः वरिष्ठ अधिवक्ता एनके अरोरा उनकी धर्म पत्नी मीना अरोरा, अधिवक्ता मनोज अरोरा, संजय अरोरा साथ ही युवाओं में भी सेवाभाव देखने को मिला, जिनमें पराग कंसल, पंकज, कन्नू, सागर धीमान आदि मौजूद रहे, जिनके द्वारा नागदेव के दर्शन के बाद भंडारे में अपना सेवा भाव से श्रमदान किया गया। मंदिर चारों ओर से भक्ति के रंग में रंगा हुआ था। लोग प्रसाद ग्रहण भी कर रहे थे और साथ ही सेवा भी कर रहे थे। मंदिर की देखरेख करने वालों का कहना था कि हर साल नागपंचमी के दिन सुबह 6 बजे से भक्तों का यहां तांता लग जाता है और ये सिलसिला यूं ही शाम तक चलता रहता है।

आस्था और विश्वास का अद्भुत संगम, जब कपड़ा व्यापारी की हुई पूरी मन्नत

मुजफ्फरनगर। परिवार को आगे बढ़ाने की चिंता से चिंतित जब गांधी कॉलोनी के कपड़ा व्यापारी ने नाग देवता पर अपना विश्वास जोड़ा, तो उसकी मन्नत पूरी हुई और उसे संतान की प्राप्ति हुई, कपड़ा व्यापारी ने संतान होने के बाद भगवान शिव का भव्य मंदिर बनाया व विशाल भंडारे का आयोजन किया।

क्या है डल्लू देवता का इतिहास

मुजफ्फरनगर। शहर के पश्चिमी छोर पर शामली रोड पर खांजापुर में यह सिद्धपीठ मंदिर स्थापित है। मंदिर के महंत अमृतदास के अनुसार फैजाबाद के स्वामी अंगद स्वरूप यहां मिट्टी के टीले पर आकर बसे थे। वर्ष 1935 में डल्लू नाग देवता यहां प्रकट हुए और संत साधुओं को दर्शन के बाद यहां उन्होंने समाधि ले ली। संत ऋषियों ने यहां पर उनका देव स्थान बनाया। वर्ष 1943 में डल्लू देवता मंदिर का निर्माण शुरू हुआ। श्रद्धालुओं के सहयोग से अब यहां भव्य मंदिर है। सिद्ध पीठ में शिव परिवार, राधा कृष्ण, संतोषी मां, हनुमान जी के भी मंदिर है। यहां पर श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों की याद में सैकड़ों देव स्थान भी बनाए हुए हैं। हर रविवार को यहां डल्लू देवता को दूध का भोग लगाया जाता है। हर शादी विवाह, होली, दीपावली आदि पर्व पर आसपास के लोग अपने देव स्थानों का पूजन करने आते है। नवदंपती भी यहां देवता के दर्शन करने आते हैं। यह सिद्धपीठ श्रद्धा और आस्था का मुख्य केंद्र है।

तेज रफ्तार से चल रहा बाइक सवार खाई में गिरा

मुजफ्फरनगर, 29 जुलाई (बु.)। मंगलवार की शाम उस समय एक युवक बड़े हादसे का शिकार हो गया, जब छपार के पानीपत-खटीमा बाईपास मार्ग पर रामपुर फ्लाई ओवर की रैलिंग से टकराकर दस फिट नीचे खाई में जा गिरा। जैसे ही इस भयावह नजारे को आसपास के लोगों ने देखा तो तुरंत युवक को बचाने के लिए उस दौड़ पड़े और एक दूसरे का हाथ पकड़कर उक्त युवक को दस फीट गहरी खाई से निकालने का काम किया। बाद में एम्बूलेंस बुलाकर युवक को जिला अस्पताल भिजवाया गया।

झारखंड में बस-ट्रक की टक्कर में 18 कांवड़ियों की मौत

रांची, 29 जुलाई (एजेंसी)। झारखंड के देवघर जिले के जमुनिया गांव के पास मंगलवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में 18 कांवड़ियों की मौत हो गई तथा 10 अन्य घायल हो गए। यह घटना चल रहे श्रावणी मेले के दौरान घटी, जब हजारों श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में पवित्र जल चढ़ाने के लिए आते हैं। देवघर के सांसद निशिकांत दुबे ने हादसे की पुष्टि करते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "मेरे लोकसभा क्षेत्र देवघर में श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के दौरान बस और ट्रक की टक्कर में 18 श्रद्धालुओं की जान चली गई। बाबा बैद्यनाथ जी उनके परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मेरे मास के देवघर में श्रावण मास में कांवर यात्रा के दौरान बस और ट्रक के धक्के के कारण 18 भक्तों की मौत हो गई। बाबा बैद्यनाथ जी उनके अवशेषों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें दुर्घटना स्थल देवघर के मोहनपुर प्रखंड में स्थित है, जो उत्तर की ओर बहने वाली जमुनिया नदी के किनारे, प्रसिद्ध शिव-पार्वती मंदिर के पास स्थित है। यह टक्कर उस समय हुई जब बाबा बैद्यनाथ धाम में जल चढ़ाने के लिए देवघर जा रहे लगभग 35 श्रद्धालुओं से भरी एक बस को गैस सिलेंडर ले जा रहे एक ट्रक ने आमने-सामने टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने इस दृश्य को बेहद भयावह बताया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के परखच्चे उड़ गए और चीख-पुकार मच गई। कई श्रद्धालु वाहन के क्षतिग्रस्त हिस्सों में फंस गए, जिसके बाद पुलिस, एम्बुलेंस सेवाओं और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल ने तत्काल कार्रवाई की और घायलों तथा शवों को निकालने के लिए मिलकर काम किया। घायलों को पास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और देवघर सदर अस्पताल ले जाया गया। अधिकारियों ने बताया कि कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ितों की पहचान की जा रही है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस और नागरिक प्रशासन के सदस्यों सहित शीर्ष जिला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और बाद में बचाव और चिकित्सा प्रयासों का निरीक्षण करने के लिए अस्पतालों का दौरा किया। मलबे को हटाने के लिए घटनास्थल पर एक क्रेन तैनात की गई है, तथा प्रारंभिक जांच शुरू हो गई है, जिसका उद्देश्य यह पता लगाना है कि क्या दुर्घटना के लिए चालकों की ओर से लापरवाही जिम्मेदार थी।

पचैण्डा रोड पर नाले में पड़ा मिला शव, नहीं हुई शिनाख्त

मुजफ्फरनगर, 29 जुलाई (बु.)। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के पचैंडा रोड पर एक अज्ञात युवक का शव नाले में पड़ा मिला। बताया जाता है कि युवक का शव काफी दिन पुराना लग रहा था, क्योंकि शव पूरी तरह से सड़ चुका था। पुलिस ने सड़े-गले शव को पोस्टमार्टम कराया है। बताया यह भी जा रहा है कि मृतक या तो मानसिक रूप से विक्षिप्त था या फिर कोई भिक्षुक भी हो सकता है। क्योंकि गर्मी के मौसम में युवक ने सर्दी के कपड़े पहने हुए थे। पुलिस शव की पहचान के लिए और यह पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

नवम पुण्यतिथि

जन्मतिथि 14 नवम्बर 1942



निर्वाण तिथि 30 जुलाई 2016

स्व0 कुन्दन लाल जी

आपके असमय संसार से जाने का दारूण दुःख हम सह रहे हैं। आपके बिना सब कुछ सूना हो गया है। आप सशरीर हमारे साथ नहीं हो, लेकिन आपकी स्मृतियां हमारे दिलों में हैं। ईश्वर आपको अपने श्रीचरणों में रखे और आपकी स्मृतियां हमारे दिलों में जीवित रहें।

अंकुर दुआ-पूजा दुआ (दामाद-पुत्री)
अनिल अरोरा, घनश्याम अरोरा (भतीजे)
वृंदा आहूजा-सौरभ आहूजा (धेवती-दामाद)
वंश दुआ, सौम्या दुआ (धेवता-धेवती)
एवं समस्त बुलेटिन परिवार

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

संसद में सरकार द्वारा विपक्ष को जवाब

कल संसद में गृहमन्त्री अमित शाह ने कांग्रेस और विपक्ष के लगभग सभी सवालों का जवाब दिया। अमित शाह से पहले परसों रक्षामन्त्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और विपक्ष के सवालों का जवाब दिया था। कल अमित शाह ने संसद में कहा कि कल ऑपरेशन महादेव में तीन आतंकवादियों को ज्वाइंट ऑपरेशन में ढेर किया गया, जो कि पहलगाम हमले में शामिल थे। अमित शाह ने बताया कि कल ऑपरेशन महादेव में सुलेमान, अफरान और जिबरान तीन आतंकवादी सेना, सीआरपीएफ और कश्मीर पुलिस के जवान अभियान में मारे गए हैं। ये जो सुलेमान था, लश्कर का कमांडर था। पहलगाम हमले और गगनवीर आतंकी हमले में लिप्त था, इसके ढेर सारे सबूत हमारे पास है। अफरान और जिबरान ए ग्रेड आतंकी थे, सदन को बताना चाहता हूं, जिन्होंने बैरसन घाटी में हमारे नागरिकों को मारा था, ये तीनों आतंकी थे और तीनों मारे गए। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर पर केंद्रीय गृहमन्त्री अमित शाह ने कहा कि पाकिस्तान के छह रडार सिस्टम नष्ट कर दिए गए, उन्होंने हमारे रिहायशी इलाकों पर हमला किया, लेकिन हमने ऐसा नहीं किया, हमने केवल उनके हवाई ठिकानों पर हमला किया और उनकी हमलावर क्षमताओं को बर्बाद कर दिया। हमारे सशस्त्र बल अक्षुण्ण थे और उनकी हमलावर क्षमताएं नष्ट कर दी गईं। पाकिस्तान के पास आत्मसमर्पण करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था, इसलिए 10 मई को पाकिस्तानी डीजीएमओ ने हमारे डीजीएमओ को फोन किया और हमने शाम 5 बजे संघर्ष रोक दिया। केंद्रीय गृहमन्त्री अमित शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवादियों को भेजने वालों को मार गिराया और ऑपरेशन महादेव ने हमला करने वालों को मार गिराया, मुझे लगा था कि यह खबर सुनकर विपक्षी दलों में खुशी की लहर दौड़ जाएगी, 'मगर स्याही पड़ गयी इनके चेहरे पर'। यह कैसी राजनीति है? शाह ने कहा कि 1962 के युद्ध में क्या हुआ 38 हजार वर्ग किलोमीटर अक्साई चिन का हिस्सा चीन को दे दिया गया। नेहरू ने क्या कहा कि वहां घास का एक तिनका भी नहीं उगता है, उस जगह का क्या करूं, नेहरू जी का सिर मेरा जैसा था, यानी बिना बाल का, तब एक सांसद महावीर प्रसाद त्यागी जी ने कहा था कि आपके सिर पर भी एक बाल नहीं है, वो भी चीन को भेज दें क्या? अमित शाह के सम्बोधन के बाद विपक्ष के कुछ और नेता, सरकार को घेरने के उद्देश्य से कांग्रेस की लाइन पर चले। उन्हें सुनने में अन्य सांसद भी कोई रस नहीं दिखा रहे थे, सभापति ओम बिरला को भी नींद सी आ रही थी, जो नेता बोल रहे थे, उनके साथी ही यह समझ रहे थे कि हमारे नेता जी कितनी अक्लमंदी की बातें कर रहें हैं, जबकि कुछ का सम्बोधन ऐसा था कि कई सांसद उकता कर धीरे-धीरे बाहर भी चले गये। परसों कांग्रेस सांसद तरुण गोगोई ने सरकार से तीखे सवाल किए थे, उनमें एक सवाल यह था कि पहलगाम के आतंकी पकड़े क्यों नहीं गये, कहाँ से आये थे, कहाँ गये? उसका जवाब अमित शाह ने दे दिया, कि तीनों को मार दिया गया। रक्षामन्त्री राजनाथ सिंह एवं विदेशमन्त्री एस. जयशंकर के भाषण की प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने तारीफ की। पीएम मोदी ने संसद के मानसून सत्र में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर हो रही विशेष चर्चा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के भाषण को उत्कृष्ट बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का उत्कृष्ट भाषण, जिसमें उन्होंने भारत के सुरक्षा तंत्र की सफलता और ऑपरेशन सिंदूर में हमारे सशस्त्र बलों के साहस पर गहन दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत ने अढ़ाई मोर्चों पर लड़ाई लड़ी, दो मोर्चों के बारे में तो सभी जानते हैं, लेकिन इस आधे मोर्चे में एक राहुल गांधी वाली कांग्रेस भी है। सोशल मीडिया पर देखिए, पिछले दो महीनों में राहुल गांधी वाली कांग्रेस ने प्रधानमन्त्री और भारतीय सेना के खिलाफ घिनौने और अपमानजनक कार्टून बनाए हैं। राहुल गांधी वाली कांग्रेस ने सेना प्रमुख को सड़क छाप गुंडा कहा। राहुल गांधी को पूरे देश और भारतीय सेना से माफी मांगनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी को एलओपी नहीं एलओबी होना चाहिए। एलओबी का मतलब लीडर ऑफ ओपोसिंग भारत। राहुल गांधी ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सबूत मांग रहे थे, ऐसे लोगों से क्या उम्मीद कर सकते हैं। पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि क्या सरकार को मालूम नहीं था कि यहां रोज 1000-1500- पर्यटक जाते हैं, अगर यहां कुछ हो जाएगा, तो लोग यहां से निकल नहीं पाएंगे, न सुरक्षा का न फर्स्ट ऐड का इंतजाम था, लोग वहां पर इस सरकार के भरोसे गए और इस सरकार ने उन्हें भगवान के भरोसे छोड़ दिया। देश के नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है, क्या इस देश के पीएम की नहीं, क्या इस देश के गृहमन्त्री की नहीं है, क्या रक्षामन्त्री की नहीं है, अखिलेश यादव ने कहा अभी जो आतंकवादी मारे गए हैं, हम सब पक्ष में हैं, लेकिन हर जगह राजनीतिक लाभ आखिर कौन उठा रहा है, आखिरकार एनकाउंटर कल ही क्यों हुआ? लम्बी चली इस बहस का सार यह रहा कि विपक्ष के सभी नेता वही सवाल उठाते रहे जो ऑपरेशन सिंदूर के बाद उठाए गये थे और सरकार के मन्त्री ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तार से बताते रहे। कहीं-कहीं यह चर्चा निरर्थक भी होती रही। राज्यसभा में भी कल काफी गहमागहमी रही। चर्चा के दौरान जेपी नड्डा को मल्लिकार्जुन खड़गे से माफी मांगनी पड़ी। खड़गे ने प्रधानमन्त्री के बारे में कहा कि एक व्यक्ति को इतना बढ़ावा मत दो, भगवान मत बनाओ। लोकतांत्रिक रूप से आया है, उसे इज्जत दो, पूजा मत करो। इससे देश का नुकसान होता है। राजनीति में भक्ति तानाशाही की तरफ ले जाती है। मैं 60 साल से राजनीति में हूं, लेकिन मुझे गद्दार कहा गया। हमारे लोग गद्दार हैं, शर्म आनी चाहिए। अगर ये बात है, तो गद्दार आप हैं। विपक्ष को बदनाम करना आपका चाल और चरित्र है। खड़गे के सम्बोधन पर जेपी नड्डा ने कहा आप पार्टी से इतने जुड़ गए हैं कि देश गौण हो जाता है और मेंटल बैलेंस खोकर इस तरीके से बात कर रहे। इस पर विपक्ष ने जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। खड़गे नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि मुझे मेंटल कहा गया है, तो मैं इसे छोड़ने वाला नहीं हूं। इसके बाद जेपी नड्डा ने कहा कि अगर आपकी भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो मैं इसके लिए आपसे माफी भी मांगता हूं। इसके बाद सदन के रिकॉर्ड से नड्डा का कमेंट हटाया गया। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि दुनिया के किसी भी नेता ने युद्ध रोकने के लिये नहीं कहा। प्रधानमन्त्री ने कांग्रेस के कई सवालों के जवाब दिये।

चार तीर

सुनील उत्सव

'सत्ता' 'सियासत' ' शराफत' 'जहालत'

गवाँ दी है सत्ता मगर फिर भी तुमने, न सीखी सियासत,न सीखी शराफत,
जहालत में डूबा है भाषण तुम्हारा, ये किसने लिखा था,ये कैसा लिखा था।
दलीलों में अपनी असत्य मिलाकर,सभी ने यूँ अपनी उड़ा ली है खिल्ली,
सभी ने कही एक ही जैसी बातें, ये जिसने लिखा एक जैसा लिखा था।

श्रद्धांजलि सभा

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।



अत्यन्त दुःख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्या
श्रीमती नीरा कुच्छल रानी धर्मपत्नी श्री राजीव कुमार
का दिनांक 19 जुलाई 2025, दिन-शनिवार को अकस्मात् निधन हो गया है।
परमपिता परमेश्वर की ऐसी ही इच्छा थी। हम प्रार्थना करते हैं कि
प्रभु उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें। दिवंगत आत्मा की शांति हेतु

श्रद्धांजलि सभा, आज दिनांक 30 जुलाई 2025, दिन बुधवार को होनी निश्चित हुई है।

कार्यक्रम

ब्रह्मभोज ....12:00 बजे दोपहर
रस्म पगड़ी .... 3:00 बजे अपराह्न

स्थानः- आशीर्वाद बैंकेट हॉल,
लक्ष्मण विहार, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)

-: शोकाकुल परिवारः-

रचित कुच्छल-श्रीमती कोमल (पुत्र-पुत्रवधू) — श्रीमती सुनीता रानी (जेठानी)
काशवी कुच्छल (पौत्री) — श्रीमती अलका रानी (जेठानी)
विनय कुमार कुच्छल-सुधा रानी (जेठ-जेठानी)
अनूप कुमार कुच्छल- श्रीमती सीमा रानी (जेठ- जेठानी)
एवं समस्त कुच्छल परिवार।

प्रतिष्ठानः- कुच्छल टायर्स, भोपा रोड, मुजफ्फरनगर

निज निवासः-
209, फेज-2, सुरेन्द्र नगर, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)
M.: 9837052834, 9897632001, 9897632003

किसी की पगड़ी रखी नहीं जाएगी, कृपया पगड़ी लाने का कष्ट न करें।

तीन बेटियां क्या हुई मजदूर बाप को परेशान करने लगे ससुराल वाले

- शाहीन ने की मर्जी से शादी तो मिल रही हैं मारने की धमकी

मेहराना

शाहीन

मुजफ्फरनगर, 29 जुलाई (बु.)। वैसे तो हर वर्ग के लिये भारत में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा जोर शोर से लगता है, लेकिन अभी भी हमारे आधुनिक भारत में कुछ समुदाय ऐसे हैं, जो बेटियों के पैदा होने के बाद खुशी के बजाये गम में पड़ जाते हैं। ऐसा हाल ज्यादातर मुस्लिम समुदाय में ज्यादा है। जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर मंगलवार को पहुंची थाना रतनपुरी क्षेत्र के गांव चंदसीना निवासी महराना ने एसएसपी संजय वर्मा को एक प्रार्थना-पत्र देते हुए बताया कि उसकी शादी 6 वर्ष पूर्व साजिद निवासी मीरापुर के साथ हुई थी, जिसके बाद उसके एक लड़की पैदा हुई थी, तभी से उसके ससुरालिये उसके साथ मारपीट करते आ रहे हैं और अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे हैं। वहीं पीड़िता ने बताया कि उसकी तीन बेटी है, जिस पर बेटी होने की वजह से उसके साथ लगातार ससुराल के परिवार के लोगों के द्वारा उसके साथ मारपीट की गई और लड़का पैदा ना होने की वजह से उसे घर से निकाल दिया गया, जिस पर पीड़िता ने कहा कि वह कई बार अपने घर से पैसे लाकर भी अपनी पति एवं सास को दे चुकी है, लेकिन फिर भी उसके घर वाले उसके साथ मारपीट करते हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर कैसे मुस्लिम समाज में बेटियों को बोझ समझा जाता है, जो ससुराल पक्ष उसे तीन बेटियों के कारण तंग किया जा रहा है, वो कहां तक तर्कपूर्ण है, क्योंकि कहीं ना कहीं वो उनके परिवार का भी तो अंग है।

वहीं दूसरा मामला मुजफ्फरनगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के सांझक गांव से एक प्रेमी युगल ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर सुरक्षा की गुहार लगाई। युवती शाहीन ने दावा किया कि वह बालिग और समझदार है और अपनी मर्जी से मौहम्मद सुहैल से मुस्लिम रीति-रिवाज से शादी की है। दोनों के बीच पिछले 7 सालों से रिश्ता है और युवती शादी से खुश है, लेकिन उसने आरोप लगाया कि उसका परिवार सुहैल और उसके परिवार को जान का दुश्मन मान रहा है। परिवार झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहा है। युवती ने एसएसपी से अपील की कि उनकी और सुहैल के परिवार की जान-माल की सुरक्षा की जाए और किसी भी कानूनी कार्रवाई से पहले उनके प्रार्थना-पत्र पर ध्यान दिया जाए।

मुजफ्फरनगर में दलित किशोर की हत्या, पीड़ित मां ने एसएसपी से लगाई इंसाफ की गुहार

मुजफ्फरनगर, 29 जुलाई (बु)। मामला खतौली कोतवाली इलाके के वाजिदपुर खुर्द से सामने आया है। यहां दयालपुरम की दलित महिला रीना ने मंगलवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचकर बेटे चित्रांश की हत्या का गंभीर आरोप लगाया। रीना का कहना है कि

11 जुलाई को उसका बेटा बाजार से सामान खरीदने गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। तलाश के दौरान गंग नहर पर उसने कुछ युवकों को उसे पीटते देखा विरोध करने पर आरोपियों ने रीना के साथ भी मारपीट की और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। रीना ने दावा किया कि उनकी आंखों के सामने बेटे का गला दबाकर हत्या की गई और शव नहर में फेंक दिया गया। उन्होंने 7 जुलाई का सीसीटीवी फुटेज भी पेश किया, जिसमें आरोपी बेटे को पीटते दिख रहे हैं। रीना ने बताया कि नामजद तहरीर देने के बावजूद खतौली पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की और वे इंसाफ के लिए दर-दर भटक रहे हैं। रीना ने प्रशासन से गुहार लगाई कि उनके बेटे की हत्या की जांच कारवाई जाये और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाई जाये।

श्रीराम कॉलेज में अप्रेंटिसशिप इनेबल डिग्री पाठ्यक्रमों में आधारित डिग्री के साथ अब भारत सरकार द्वारा अप्रेंटिसशिप का भी लाभ दिया जायेगा

मुजफ्फरनगर, 29 जुलाई (बुस.)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी-2020 पांचवी वर्षगांठ पर भारत मण्डपम, नई दिल्ली में अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2025 कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसके मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र प्रधान, कैबिनेट शिक्षा मंत्री, भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि जयंत चौधरी, राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), तकनीकी एवं कौशल विकास, भारत सरकार एवं कई राज्यों के शिक्षामंत्री उपस्थित रहे। इस अवसर पर भारत सरकार की राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम के अन्तर्गत श्रीराम कॉलेज एवं बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग, भारत सरकार के बीच एक अनुबन्ध हुआ। इस अनुबन्ध में श्रीराम कॉलेज की ओर से चेयरमैन, डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ एवं बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग की ओर से निदेशक, विनीत कुमार ने अनुबन्ध पर हस्ताक्षर किये। इस ऐतिहासिक अनुबन्ध के तहत श्रीराम कॉलेज में चल रहे अप्रेंटिसशिप इनेबल डिग्री पाठ्यक्रमों के अन्तिम वर्ष में छात्र/छात्रायें कक्षा में शिक्षण ग्रहण न कर-के आद्योगिक प्रतिष्ठानों, बैंक, कापोरेंट हाउसेस में अप्रेंटिसशिप का कार्य करेंगे और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम द्वारा उन्हें आधा स्टिपेण्ड प्रदान किया जायेगा और शेष धनराशि अनिवार्य रूप से उस संस्थान द्वारा दी जायेगी, जहाँ वें कार्यरत होंगे। स्टाईपेण्ड की धनराशि छात्रों के बैंक एकाउन्ट में

सीधे हस्तान्तरित की जायेगी। साथ ही अप्रेंटिसशिप पूरी करने के उपरान्त बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग द्वारा उन्हें अप्रेंटिसशिप का प्रमाणपत्र भी दिया जायेगा। इसके लिये छात्रों को पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा, जो एक सिंगल प्वांइट ऑफ कान्टेक्ट के रूप में कॉलेज की वेबसाईट से लिंक होगी। बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के द्वारा छात्रों को अप्रेंटिसशिप इनेबल डिग्री पाठ्यक्रमों में पंजीकरण, मार्गदर्शन और समस्या समाधान में सहायता प्रदान की जायेगी। वर्तमान में अप्रेंटिसशिप इनेबल डिग्री प्रोग्राम के अन्तर्गत श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर में बी.कॉम (बैकिंग, फाईनेंशियल सर्विसेज एवं इन्श्योरेंश) तथा बीएस-सी (टूरिज्म एवं हॉस्पिटैलेटी मैनेजमेंट) जैसे पाठ्यक्रम संचालित है। श्रीराम कॉलेज और बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग मिलकर छात्रों को एआई (आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स), एमएल (मशीन लर्निंग), आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स), ब्लॉकचेन जैसे नवीन तकनीकी कौशल से भी जोड़ने की योजना पर कार्य कर रहे हैं, जिससे छात्र भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने कहा यह समझौता सिर्फ औपचारिक दस्तावेज नहीं, बल्कि श्री राम कॉलेज के छात्रों के उज्जवल भविष्य की नींव है। प्राचार्य डॉ. प्रेरणा मित्तल ने कहा कि यह पहल शिक्षा को अनुभव से जोड़ने की दिशा में एक मजबूत प्रयास है, जिससे छात्र बेहतर प्लेसमेंट और करियर की तैयारी कर सकेंगे।

श्रीराम कथा केवल कथा नहीं, एक आदर्श जीवन शैली का मार्गदर्शन है : अरविन्द जी महाराज

मुजफ्फरनगर, 29 जुलाई (बुस.)। एसडी कॉलेज मार्केट प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव का दूसरा दिन भी श्रद्धा, भक्ति और दिव्यता से परिपूर्ण रहा। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन प्रसंगों से ओतप्रोत इस आयोजन में नगरवासियों की सहभागिता दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है, जिससे कथा स्थल एक आध्यात्मिक तीर्थ बनता जा रहा है। आज के दिवस में पूज्य कथावाचक श्री अरविंद जी महाराज ने महाराजा अग्रसेन जी की मर्यादा, शिव-सती संवाद तथा शिव विवाह जैसे पवित्र प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। शिव-सती संवाद में उन्होंने नारी सम्मान, आत्मिक निष्ठा और भक्ति की महत्ता पर प्रकाश डाला, वहीं शिव विवाह प्रसंग ने श्रद्धालुओं को आत्मविभोर कर दिया। उन्होंने अपने प्रवचनों में बताया कि श्रीराम कथा केवल कथा नहीं, एक आदर्श जीवन शैली का मार्गदर्शन है, जो मानव जीवन को सत्य, सेवा और मर्यादा से जोड़ती है। कथा स्थल पर उपस्थित श्रोतागण झ बच्चे, युवा, महिलाएं एवं बुजुर्ग झ सभी भाव-विभोर होकर कथा का श्रवण कर रहे हैं और हर क्षण राममय वातावरण में लीन होते जा रहे हैं। इस अवसर पर आज कथा स्थल पर पूर्व विधायक अशोक कंसल, भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष बिजेंद्र पाल, भाजपा जिला मंत्री सुधीर खटीक एवं प्रसिद्ध शिक्षाविद अजय कुमार गुप्ता गुरुजी, राकेश कंसल, ममता बालियान, योगेंद्र सिंघल, विजय तागरा, अनुराग गर्ग, श्याम जसूजा, रक्षित नामदेव, अचिन कंसल एवं अरविंद बंसल सहित अनेक विशिष्टजन उपस्थित रहे, जिन्होंने कथा श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा का संचालन अनिल नामदेव द्वारा अत्यंत कुशलता व मधुरता से किया गया।

जज्बा दौड़-11 में डीएम- एसएसपी ने भरा जज्बा, दौड़ेंगे सबके साथ

मुजफ्फरनगर, 29 जुलाई (बु.)। जज्बा दौड़-11 को विश्व की महानतम दौड़ बनाने के लिए जज्बा टीम डीएम उमेश मिश्र व एसएसपी संजय वर्मा से मिली। दोनों अधिकारियों ने जज्बा टीम में नया जज्बा भरते हुए हर स्तर से जज्बा दौड़ को सफल बनाने में सहयोग दिया। अधिकारियों ने जज्बा टीम के सत्यप्रकाश रेशू, सभासद अमित पटपटिया, मनीष भारती, नवनीत मिश्र एवं सुमित मिश्र से जज्बा दौड़ की जानकारी ली। साथ ही बच्चों का मार्गदर्शन करने के लिए हर स्तर पर सहयोग करने को कहा। डीएम उमेश मिश्रा ने तत्काल सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर को सारी व्यवस्थाएं सुनश्चित करने के निर्देश दिए। बाद में जज्बा टीम सिटी मजिस्ट्रेट से मिलकर जज्बा दौड़ की हर बात समझाने में सफल रहे। वहीं एसएसपी संजय वर्मा ने जज्बा टीम का सम्मान करते हुए आजादी के दीवानों के लिए जज्बा टीम में नया जज्बा भर दिया, जिससे जज्बा टीम ने अपनी तैयारी दो गुना स्तर पर शुरू कर दी।

भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने किया डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 29 जुलाई (बु.)। मंगलवार को भीम आर्मी जय भीम संगठन के कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय पर अनुसूचित जाति के प्रमाण-पत्र गैर अनुसुचित जाति समुदाय के लोगों को दिए जाने का विरोध दर्ज कराते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान डीएम के नाम नगर मजिस्ट्रेट को सौंपे ज्ञापन में भीम आर्मी ने गैर अनुसूचित जाति समुदाय जैसे जुलाहा सामान्य जाति के व्यक्तियों द्वारा कोरी व भुइयार अनुसूचित जाति के प्रमाण-पत्र न बनाने के साथ पूर्व में बनाए प्रमाण-पत्रों को निरस्त किए जाने की मांग की। मंगलवार को भीम आर्मी जय भीम संगठन के जिलाध्यक्ष विकास के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान जनपद में हो रहे अनुसूचित जाति के प्रमाण-पत्रों को लेकर मचे घमासान के बीच गैर अनुसूचित जाकि समुदाय को प्रमाण-पत्र जारी किए जाने का विरोध दर्ज कराते हुए डीएम के नाम ज्ञापन सौंपे जाने के साथ अनुसूचित जाति समुदाय जैसे जुलाहा सामान्य जाति के व्यक्तियों द्वारा कोरी व भुइयार अनुसूचित जाति के प्रमाण-पत्र न बनाने के साथ पूर्व में बनाए प्रमाण-पत्रों को निरस्त किए जाने की मांग की।

आवारा कुत्तों के आतंक पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता, लिया संज्ञान

नई दिल्ली, 29 जुलाई (एजेंसी)। आवारा कुत्तों के हमलों और रेबीज के बढ़ रहे मामलों पर एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने स्वतः संज्ञान ले लिया है। पीठ ने बताया कि इस रिपोर्ट में कई चिंताजनक और परेशान करने वाले आंकड़े और तथ्य हैं। इसमें यह भी जानकारी दी गई है कि शहरों और ग्रामीण इलाकों में हर रोज कुत्तों के काटने की सैकड़ों घटनाएं सामने आ रही हैं, जिसमें बुजुर्ग और बच्चे रेबीज से होने वाली बीमारियों का शिकार बन रहे हैं। पीठ ने कहा है कि इस रिपोर्ट को प्रधान न्यायाधीश के सामने पेश किया जाएगा। दिल्ली के पूठ कलां इलाके में पागल कुत्ते के काटने की वजह से एक छह साल की बच्ची की मौत हो गई थी। कुत्ते के काटने के बाद वह रेबीज का शिकार हो गई, जिसके बाद इलाज शुरू होने के बावजूद भी उसे नहीं बचाया जा सका और 26 जुलाई को उसकी मौत हो गई। इस बच्ची के अलावा एक चार साल के छोटे बच्चे पर भी कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया था, जिससे बच्चा बुरी तरह घायल हो गया था।

संजय मित्तल बने संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष

- दिनेश बंसल महामंत्री व विश्व दीप गोयल बने कोषाध्यक्ष

मुजफ्फरनगर, 29 जुलाई (बु.)। नई मंडी बड़ी धर्मशाला में वैश्य समाज के प्रमुख व्यक्तियों एवं संस्थाओं की संपन्न बैठक में समाज पर लगातार किसी न किसी कारण होने वाले आक्रमणों पर चिंता करते हुए वैश्य समाज को एकजुट करने पर बल दिया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक अशोक कंसल व संचालन दिनेश बंसल ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा जनपद मुजफ्फरनगर का गठन किया गया। समाज में कार्य करने वाली सभी संस्थाओं को जोड़कर गठित अग्रणी संस्था का उद्देश्य समाज को जोड़कर कार्य करने के साथ सभी घटकों के उत्थान के लिए कार्य करेगी। महासभा का सर्वसम्मति से अध्यक्ष संजय मित्तल, महामंत्री दिनेश बंसल एवं अनिल तायल और कोषाध्यक्ष विश्वदीप गोयल बिट्टू को घोषित किया गया। इसके साथ महासभा की कार्यकारिणी गठित करने के लिए नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में मुख्य रूप से अशोक कंसल पूर्व विधायक एवं संरक्षक वैश्य सभा, संजय मित्तल वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल महासभा, श्रीमोहन तायल संरक्षक व पूर्व अध्यक्ष श्री कदीम अग्रवाल सभा, सत्यप्रकाश मित्तल अध्यक्ष अग्रसेन भवन स्मारक ट्रस्ट, सुरेंद्र अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष अखिल अग्रवाल सम्मेलन, विनोद सिंघल जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, प्रमोद मित्तल राष्ट्रीय संगठन मंत्री अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, अनिल तायल मंत्री श्री कदीम अग्रवाल सभा, राहुल गोयल, दिनेश बंसल, सुनील सिंघल, अमित अग्रवाल, विश्वदीप गोयल, योगेश सिंघल, दिनेश गुप्ता, शिव कुमार सिंगल, पुरुषोत्तम दास सिंगल, अशोक कुमार सिंगल, संजीव गोयल, कपिल कुमार गुप्ता एड, राकेश कंसल, राजेश संगल, अचिन कंसल, रविकांत अग्रवाल, संजीव गोयल, अमरीश बंसल, कांति राठी आदि मौजूद रहे।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MUNISH MADAN से बदलकर MUNISH MADAAN रख लिया है। भविष्य में मुझे MUNISH MADAAN S/O INDERJEET, 481, गाँधी कॉलोनी, गली नम्बर 11, मुजफ्फरनगर के नाम से जाना जाये।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम PARUL KAKKAR से बदलकर PARUL MADAAN रख लिया है। भविष्य में मुझे PARUL MADAAN W/O MUNISH MADAAN, 481, गाँधी कॉलोनी, गली नम्बर 11, मुजफ्फरनगर के नाम से जाना जाये।

सनातन धर्म सभा का वार्षिक अधिवेशन विधिवत संपन्न

- सभा के विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर किया गया विचार मंथन

मुजफ्फरनगर, 29 जुलाई (बु.)। मंगलवार को सनातन धर्म सभा शहर के वार्षिक अधिवेशन की बैठक अध्यक्ष शंकर स्वरूप बंसल की अध्यक्षता एवं मंत्री सतीश गर्ग के संचालन में संपन्न हुई। इस अधिवेशन का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ किया गया। बैठक में अजय गर्ग ने अन्य सभी आजीवन सदस्यों को साथ लेकर सभा के साथ संबंधित संस्थाओं का वार्षिक विवरण एवं वार्षिक चिठ्ठा पढ़कर सुनाने के साथ ही वर्ष भर हुए कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी मंत्री सतीश गर्ग ने सभी उपस्थित आजीवन सदस्यों को इस बीच प्रदान की। इस बैठक में अगले वर्ष का बजट निर्धारित किया गया, जिसे सभी उपस्थित सदस्यों ने सहर्ष स्वीकार किया। बैठक में आगामी वर्षभर में होने वाले कार्यक्रमों पर विचार हुआ। सनातन धर्म सभा की बैठक में अंत में मौजूद आजीवन सदस्यों ने संस्था की उन्नति के लिए अपने उत्कृष्ट विचार रखे। सभा के अंत में सभा के जो सदस्य मृत्यु लोक छोड़कर गोलोक गमन हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन भी रखा गया। वार्षिक अधिवेशन से मुख्य रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित गर्ग एड, उपमंत्री अनुराग अग्रवाल, कार्यालय मंत्री सुखदेव कुमार मित्तल एड. एवं कोषाध्यक्ष अंजुल भूषण, प्रचार मंत्री अजय गर्ग, ऑडिटर प्रवीण कुच्छल, नवीन कुमार ठेकेदार, सदस्य कार्यकारिणी वैभव मित्तल, अजय तायल, नीरज अग्रवाल, अनिल बंसल, सुशील गोयल, जनार्दन स्वरूप, संजय गोयल, पुष्पेंद, शिवकुमार, शरद गोयल, अरविंद भारद्वाज, परीक्षित मित्तल एड, कुलदीप गोयल आदि ने अधिवेशन की शोभा बढ़ाई।

आईटीएफ वर्ल्ड मास्टर्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे यूपी के आलोक भटनागर

लखनऊ 29 जुलाई (वार्ता)। पुर्तगाल के लिस्बन में तीन अगस्त से शुरु होने वाली आईटीएफ वर्ल्ड मास्टर्स टेनिस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के आलोक भटनागर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उत्तर प्रदेश के पूर्व नंबर एक और अंतरराष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी आलोक भटनागर वर्तमान में एमवीवीएनएल-यूपीपीसीएल में कार्यरत हैं। भटनागर को अखिल भारतीय टेनिस संघ (आइटा) द्वारा तीन अगस्त से 16 अगस्त के बीच लिस्बन, पुर्तगाल में आयोजित होने वाली विश्व मास्टर्स टेनिस चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया है। इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में 22 देशों की टीमें भाग ले रही हैं। आलोक टीम चैंपियनशिप के साथ ही व्यक्तिगत सिंगल्स, डबल्स एवं मिक्स्ड डबल्स स्पर्धा में 55+ आयु वर्ग में भाग लेंगे। आलोक भटनागर अब तक कई आईटीएफ खिताब जीत चुके हैं।

देश के बैंकों में ऐसे ही पड़े हैं 67 हजार करोड़, नहीं है कोई दावेदार!

नई दिल्ली, 29 जुलाई (एजेंसी)। देश में सार्वजनिक और निजी बैंकों में बिना दावे वाली जमा राशि साल दर साल बढ़ती जा रही है। सोमवार को संसद में दी गई जानकारी के अनुसार, यह दावा रहित राशि जून 2025 के अंत तक 67,003 करोड़ रुपये तक पहुँच गई है। इसमें से सबसे ज्यादा 58,330 करोड़ 26 लाख रुपये सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकिंग संस्थानों के खातों में हैं, जबकि 8,673 करोड़ 72 लाख रुपये निजी क्षेत्र के बैंकिंग संस्थानों के खातों में पड़े हैं। बैंकों के आंकड़ों पर गौर करें तो, पहले स्थान पर मौजूद स्टेट बैंक के खातों में 19,329.92 करोड़ रुपये की लावारिस जमा राशि है। दूसरे स्थान पर मौजूद पंजाब नेशनल बैंक के खातों में 6,910.67 करोड़ रुपये हैं। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने एक लिखित बयान में बताया कि तीसरे स्थान पर मौजूद केनरा बैंक के खातों में लावारिस जमा राशि 6,278.14 करोड़ रुपये तक पहुँच गई है। निजी क्षेत्र के बैंकों की बात करें तो आईसीआईसीआई बैंक में सबसे ज्यादा 2,063.45 करोड़ रुपये की बिना दावे वाली जमा राशि है, उसके बाद एचडीएफसी बैंक में 1,609.56 करोड़ रुपये और एक्सिस बैंक में 1,360.16 करोड़ रुपये की जमा राशि है। हालाँकि, ज्ञातव्य है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने खाताधारकों के कानूनी उत्तराधिकारियों को ये जानकारी प्रदान करने के लिए एक केंद्रीकृत वेब पोर्टल शुरू किया है। इसमें सभी बैंकों में बिना दावे वाली जमा राशि का विवरण एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

तहसील में सबके सामने आईएएस रिंकू सिंह राही ने कान पकड़कर लगाई उठक-बैठक

शाहजहांपुर, 29 जुलाई (एजेंसी)। शाहजहांपुर में आईएएस रिंकू सिंह राही सोमवार रात पुवायां के एसडीएम का पदभार ग्रहण करने के बाद मंगलवार को ही चर्चा में आ गए। नवागत एसडीएम ने चार्ज लेने के बाद पहले ही दिन एक वकील के मुंशी को उठक-बैठक लगवा दी और बाद में वकीलों के सामने खुद उठक-बैठक लगाई। यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। एसडीएम रिंकू सिंह राही ने सोमवार रात पुवायां में एसडीएम का पदभार ग्रहण किया था। मंगलवार को वह तहसील पहुंचे तो एक वकील का मुंशी दीवार के पास पेशाब करता मिल गया। एसडीएम ने मुंशी को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि तहसील परिसर में शौचालय बने हैं, स्वच्छता की बात की जा रही है और वह खुले में पेशाब कर रहा है। एसडीएम ने मुंशी से कान पकड़वाकर उठक-बैठक भी लगवाई। इसके बाद तहसील का मुआयना करते हुए एसडीएम धरना-प्रदर्शन कर रहे वकीलों के पास पहुंचे और कहा कि धरना प्रदर्शन किया जा सकता है लेकिन नारेबाजी आदि की आवाज कार्यालय तक नहीं जानी चाहिए। इस दौरान वकीलों ने मुंशी से उठक-बैठक लगवाने का विरोध करते हुए कहा कि शौचालय बेहद गंदे हैं तो वकील और मुंशी पेशाब के लिए कहां जाएं? इस पर एसडीएम ने कहा कि शौचालय गंदे हैं तो यह तहसील प्रशासन की कमी है और इसके लिए वह जिम्मेदार हैं। इसके बाद एसडीएम ने उठक-बैठक लगानी शुरू कर दी। वकीलों ने उनको रोका, लेकिन एसडीएम उठक-बैठक लगाने के बाद ही रुके।

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

आवश्यक सूचना

सिंघल नर्सिंग होम

डॉ. हेमी सिंघल

M.B.B.S. (MAMC), DGO (LHMC)
Diplomate American Board of Family Medicine
Diplomate American Board of Obesity Medicine
PG Diploma Diabetes & Endocrinology (UK)
Consultant Endocrinologist & Weight Loss Specialist

दिनांक 31-07-2025, दिन -बृहस्पतिवार को

डॉ. हेमी सिंघल

शुगर, थाइरोइड, Pcos, मैडिकल वेटलॉस B.P., कोलेस्ट्रॉल आदि के मरीजों को देखेंगी।

नाम लिखवाने के लिए सम्पर्क करें

सिंघल नर्सिंग होम

कम्पनी बाग के सामने, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर

M.9837082912, 8800567610

समयः- प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक

खाद्य विभाग की टीम ने जब्त किए तीन खाद्य पदार्थों के नमूने

मुजफ्फरनगर, 29 जुलाई (बु.)। खाद्य विभाग की टीम ने जिले में पात्रों को शुद्ध एवं मानकों के अनुरूप खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच बीते दिवस आईसीडीएस गोदाम खतौली से फोटीफाईड गेहूं का दलिया, फोटीफाईड रिफाइंड सोयाबीन तेल व चना दाल समेत कुल 3 सर्विलांस नमूने नियमों के तहत संग्रहित किए। डीएम उमेश मिश्रा व सहायक आयुक्त खाद्य अर्चना धीरान के दिशा निर्देशन में विगत दिवस खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने इस बीच आईसीडीएस गोदाम खतौली से फोटीफाईड गेहूं का दलिया, फोटीफाईड रिफाइंड सोयाबीन तेल एवं चना दाल कुल 3 सर्विलांस नमूने संग्रहित किए। टीम ने इस दौरान खतौली स्थित मैसर्स प्रिंस एजेंसी दयालपुरम से खाद्य पदार्थ व्हाइट लैक्टिक बटर अमूल ब्रांड का 01 विधिक नमूना संग्रहित किया। वहीं बघरा स्थित मैसर्स इंडियन स्वीट कॉर्नर से खाद्य पदार्थ बर्फी का एक नमूना संग्रहित किया। इसके साथ ही एक विधिक नमूना सौंफ तथा एक विधिक नमूना हल्दी का टीम ने यहां से संग्रहित किया। इसके साथ एफएसडब्ल्यू वैन द्वारा खाद्य पदार्थों को जांच करने के साथ ही आमजन को जागरूक किया गया।

पांच साल और 166 दिन के कार्यकाल के साथ आनंदीबेन पटेल सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाली यूपी की राज्यपाल बनीं

लखनऊ, 29 जुलाई (एजेंसी)। 5 साल और 166 दिनों तक पद पर रहने के बाद आनंदीबेन पटेल उत्तर प्रदेश की सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाली राज्यपाल बन गईं।

यूपी की 32वीं और स्वतंत्र भारत की 27वीं राज्यपाल पटेल ने 29 जुलाई, 2019 को यूपी का कार्यभार संभाला था। राजभवन की आधिकारिक वेबसाइट पर नजर डालने से पता चलता है कि पटेल से पहले, यूपी के 8वें राज्यपाल बेजवाड़ा गोपाल रेड्डी ने 5 साल और 60 दिन तक सेवा की थी। इसके बाद यूपी के 13वें राज्यपाल चंद्रेश्वर प्रताप नारायण सिंह 5 साल और 31 दिन तक पद पर रहे थे। यूपी के 23वें राज्यपाल टीवी राजेश्वर का कार्यकाल 5 साल और 19 दिन का था, जबकि 7वें राज्यपाल विश्वनाथ दास ने 5 साल और 14 दिन तक सेवा की थी। 29 जुलाई, 2019 को यूपी के राज्यपाल के रूप में कार्यभार संभालने से पहले, पटेल ने 23 जनवरी, 2018 से 28 जुलाई, 2019 तक 1 वर्ष और 190 दिनों के लिए मध्य प्रदेश के राज्यपाल के रूप में कार्य किया। इससे पहले, उन्होंने 7 अगस्त, 2016 को गुजरात के मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था और 23 जनवरी, 2018 को उन्हें एमपी का राज्यपाल नियुक्त किया गया था।

अमेरिका में ड्रीमलाइनर प्लेन से मिला मेडे कॉल, आसमान में बोइंग-787 के इंजन में खराबी आई

वॉशिंगटन, 29 जुलाई (एजेंसी)। अमेरिका से बड़ी खबर सामने आ रही है। यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान 'बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर' के लेफ्ट इंजन में उड़ान के दौरान खराबी आ गई। हादसे के समय प्लेन 5000 फीट की ऊंचाई पर था, जिसके बाद पायलटों ने "मेडे कॉल" भेजा। यह हादसा 25 जुलाई को हुआ था, जिसकी खबर अब सामने आई है। पायलटों ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर के साथ मिलकर हालात को संभाला। फ्लाइटअवेयर के अनुसार, प्लेन 2 घंटे 38 मिनट तक हवा में रहा। इसने राजधानी वॉशिंगटन के उत्तर-पश्चिम में चक्कर लगाते हुए ईंधन खाली किया, ताकि लैंडिंग के लिए वजन कम हो सके।12 जून को अहमदाबाद में एअर इंडिया का जो प्लेन क्रैश हुआ था, वह बोइंग कंपनी '787-8 ड्रीमलाइनर' का ही था। तब यह विमान' टेकऑफ के दो मिनट बाद ही क्रैश हो गया था। इस हादसे में 270 लोगों की जान गई थी। बोइंग दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कॉमर्शियल एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरर कंपनी है। फ्रांस की एयरबस कंपनी पिछले महीने ही सबसे बड़ी कॉमर्शियल एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरर बनी है।

कोर्ट में सरेंडर के बाद राजकुमार राव को मिली जमानत, धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप

जालंधर, 29 जुलाई (एजेंसी)। बॉलीवुड के टैलेंटेड अभिनेता राजकुमार राव एक पुराने कानूनी विवाद को लेकर एक बार फिर चर्चा में हैं। अभिनेता को 8 साल पुराने एक केस में पंजाब के जालंधर कोर्ट में सरेंडर करना पड़ा। यह मामला काफी समय से लंबित था और अदालत में पेश होकर अभिनेता ने कानूनी प्रक्रिया का पालन किया। बताया जा रहा है कि राजकुमार राव को कोर्ट से जमानत मिल गई है। इस केस की अगली सुनवाई 30 जुलाई को तय की गई है। ये पूरा मामला साल 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'बहन होगी तेरी' से जुड़ा हुआ है। फिल्म में एक सीन और उससे जुड़े एक पोस्टर को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। आरोप है कि फिल्म के एक सीन में भगवान शिव के रूप में अभिनेता राजकुमार राव को बाइक पर बैठे हुए दिखाया गया था, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं।

नकली दूध तैयार करने वाला 22 हजार लीटर केमिकल पकड़ा गया

बुलंदशहर, 29 जुलाई (एजेंसी)। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुलंदशहर में भारी मात्रा में केमिकल पकड़ा है। बिना भंडारण लाइसेंस के हजारों लीटर केमिकल जमा किया गया था। फूड सेफ्टी टीम के छापा में कार्रवाई में मौके से दूध की खाली दर्जनों केन भी बरामद हुई हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने अहाते में रखीं 150 केनों से 2200 लीटर केमिकल बरामद किया है। रेड के दौरान टीम को मौके पर केमिकल के बिल भी नहीं दिखा सका फर्म प्रबंधन। सहायक आयुक्त खाद्य ने बताया कि पकड़ा गया केमिकल नकली दूध तैयार करने में इस्तेमाल करने वाला हो सकता है। पकड़ा गया केमिकल सोर्बिटोल और आरएम ऑयल है।

यूपी पंचायत चुनाव: जिले में वार्डों के पुनर्गठन के लिए शुरू हुई आपत्तियां

▶▶ जिला पंचायत का पुनर्गठन, पालिका विस्तार से 40 वार्डों में बंटी 43 वार्ड की जिला पंचायत ▶▶ अब दो अगस्त तक परिसीमन पर मांगी गई तमाम आपत्तियां

मुजफ्फरनगर, 29 जुलाई (बु.)। अगले वर्ष होने वाले पंचायत चुनाव के लिए वार्डों के पुनर्गठन पर मंगलवार से तमाम आपत्तियां ली जाएंगी। दो अगस्त तक वार्डों के पुनर्गठन पर जिले में आपत्तियां ली जाएंगी। फिर डीएम की अध्यक्षता वाली कमेटी आपत्तियों का निस्तारण करेंगी। ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन करने के बाद अब वार्डों के पुनर्गठन प्रक्रिया चल रही है। 06 अगस्त से 10 अगस्त तक वार्डों के गठन की अंतिम सूची जारी होगी।

जनपद में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियों के बीच जिला पंचायत का नए सिरे से गठन किया गया है। परिसीमन प्रक्रिया के बाद अब मुजफ्फरनगर जिला पंचायत को 43 के स्थान पर 40 वार्डों में विभाजित कर दिया गया है। यह बदलाव मुख्य रूप से मुजफ्फरनगर नगरपालिका परिषद् और खतौली सीमा विस्तार के चलते हुआ है, जिससे जिला पंचायत की भौगोलिक संरचना में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। इसमें खतौली विकास खंड क्षेत्र का वार्ड 30 गांवों के लिहाज से सबसे बड़ा वार्ड बना है, इसमें 21 गांव शामिल किए हैं, जबकि जनसंख्या के अन्तर्गत सदर ब्लॉक का वार्ड छह सबसे बड़ा है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता वाली चार सदस्यीय कमेटी द्वारा जिला पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन करते हुए प्रस्तावित सूची जारी कर दी है। इसमें नगर पालिका मुजफ्फरनगर व खतौली के सीमा विस्तार के कारण सदर, चरथावल व खतौली का ग्रामीण क्षेत्र नगरीय क्षेत्र में शामिल कर दिया गया। इसके कारण जिला पंचायत के निर्धारण में भौगोलिक स्तर पर बड़ा बदलाव हुआ है। ऐसे में 43 वार्डों वाली जिला पंचायत से 2 लाख की आबादी का शहरीकरण होने से अब नये परिसीमन में जिला पंचायत सदन में 3 सीट कम कर दी गई। नई सूची में जिला पंचायत को 40 वार्डों में विभाजित किया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी के अनुसार वार्डों के पुनर्गठन के बाद प्रस्तावित स्वरूप पर आमजन की आपत्तियां लेने का काम भी जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में मंगलवार से शुरू कर दिया गया। 2 अगस्त तक जिला स्तर पर नागरिक अपने सुझाव और आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे। आपत्तियों का निस्तारण डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा 3 से 5 अगस्त तक किया जाएगा। इसके बाद 6 अगस्त से 10 अगस्त के मध्य वार्डों के गठन की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी।

जिला पंचायत में 20.16 लाख की आबादी पर किया परिसीमन

▶▶ खतौली का वार्ड 30 सबसे बड़ा, 21 गांव किए शामिल

मुजफ्फरनगर, 29 जुलाई (बु.)। नए परिसीमन में जिले में 40 वार्डों में विभाजित हुए जिला पंचायत में 3,20,925 परिवारों की गणना को शामिल किया गया है। यह गणना वर्ष 2011 में हुई जनगणना के अनुसार की गई। इसमें जिला पंचायत में 20 लाख 16 हजार 740 लोगों की आबादी निवास कर रही है। जिला पंचायत राज अधिकारी के अनुसार नए परिसीमन में सबसे छोटा वार्ड 7 गांव का बनाया तो सबसे बड़े गांव में सर्वाधिक 21 गांव शामिल किये गये हैं। जनसंख्या के आधार पर सर्वाधिक आबादी वाले वार्ड 6 सदर ब्लॉक में शामिल है। वार्ड में 54,222 लोगों की जनसंख्या निवास कर रही है तो वहीं सबसे छोटा वार्ड 4 भी सदर ब्लॉक में ही शामिल है। यहां पर 44,578 लोगों की आबादी है। डीपीआरओ के अनुसार जिले में गांवों के आधार पर सबसे बड़े वार्डों में वार्ड 30 में 21 गांव, वार्ड 31 और एक में 19 गांव, वार्ड 21 में 17 गांव, वार्ड 8, 11, 26, 28 व 29 में 16-16 गांव शामिल हैं। सबसे छोटे वार्डों में वार्ड 5, 14, 19, 22 व 37 में 7-7 गांव, वार्ड 13 में 8 और वार्ड 6, 7 और 24 में 9 गांव शामिल हैं। जनसंख्या के अनुसार, इसमें सबसे बड़े 5 वार्डों में वार्ड 6 में 54,222, वार्ड 34 में 53,981, वार्ड 33 में 53,555, वार्ड 30 में 53,277 और वार्ड 19 में 52,592 लोग निवास कर रहे हैं। सबसे छोटे 5 वार्डों में वार्ड 4 में 44,578, वार्ड 5 44,615, वार्ड 9 में 46,019, वार्ड 10 में 47,694 और वार्ड 13 में 48,459 की जनसंख्या है।

खड़गे ने मानसिक संतुलन खोया- नड्डा

नई दिल्ली, 29 जुलाई (एजेंसी)। राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान सदन के नेता जेपी नड्डा और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच तीखी नोकझोंक हुई। खरगे के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर कही गईं बातों पर नड्डा ने आपत्ति जताई और कुछ ऐसा बोल गए कि विपक्ष ने हंगामा कर दिया। इसके बाद नड्डा ने अपने शब्द वापस ले लिए और कहा कि मेरे शब्द को भावावेश करार दिया जाए। अगर मेरी बात से किसी का दिल दुखा तो मैं माफी मांगता हूं, लेकिन खरगे जी जैसे वरिष्ठ नेता ने देश के प्रधानमंत्री के लिए जैसी बातों का इस्तेमाल किया है, वह निंदनीय है। राज्यसभा में खरगे के बयान पर कुछ आपत्तियों के साथ जेपी नड्डा ने बोलना शुरू किया। नड्डा ने कहा कि विपक्ष के नेता ने लंबा वक्तव्य दिया, लेकिन उनके कद के हिसाब से जिन शब्दों का इस्तेमाल किया गया, वो उनके स्तर के नहीं थे। जिस तरह से उन्होंने प्रधानमंत्री पर टिप्पणी की मैं उनकी तकलीफ समझ सकता हूं कि प्रधानमंत्री ने उन्हें 11 साल से विपक्ष में बिठाए रखा है। प्रधानमंत्री दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं।

शाह का यह तीर विपक्ष को बरसों चुभेगा, चिदंबरम हो गये शर्मसार, अखिलेश के मुंह से नहीं निकले शब्द

नई दिल्ली, 29 जुलाई (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में बड़ी बहस जारी है। लोकसभा के मैदान में एक तरफ थे गृहमंत्री अमित शाह तो दूसरी तरफ समूचा विपक्ष। शाह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर इशारों इशारों में कहा कि पाकिस्तान को बचाने वाले नहीं बचेंगे। शाह ने पहलगाम आतंकी हमले के आतंकियों के पाकिस्तानी होने का सबूत मांगने वाले पूर्व गृहमंत्री और कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम को आड़े हाथ लिया। शाह ने आतंकियों के पाकिस्तान का होने का सबूत बताते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमने 20 मिनट में 9 आतंकी ठिकाने तबाह किए गए। 100 किलोमीटर भीतर तक घुसकर हमारी सेना ने हमले किए। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को भी चुप करा दिया। लोकसभा में शाह के बोलने के दौरान जब अखिलेश यादव भी खड़े हो गए, तो शाह ने उन्हें चुप करा दिया। उन्होंने कहा कि अखिलेश जी बैठ जाइए मेरा पूरा जवाब सुनिए आपको सब समझ में आ जाएगा, भाई आप आतंकवादियों का धर्म देखकर दुखी मत होइए।

डिंपल यादव पर टिप्पणी से थे खफा, मौलाना साजिद सपा कार्यकर्ताओं ने रशीदी की कर दी कुटाई

नई दिल्ली, 29 जुलाई (एजेंसी)। मौलाना साजिद रशीदी ने जब से डिंपल यादव पर दिप्पणी की है तब से सपा के लोग भड़के हुए हैं। नोएडा के सेक्टर 126 थाना क्षेत्र में एक निजी न्यूज चैनल के स्टूडियो में उस समय हंगामा मच गया, जब समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी को थप्पड़ मार दिया। यह घटना मौलाना द्वारा सपा सांसद डिंपल यादव पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, हालांकि इस वीडियो की पुष्टि मुजफ्फरनगर बुलेटिन नहीं करता है। घटना की शुरूआत तब हुई, जब एक टीवी डिबेट शो में मौलाना साजिद रशीदी ने डिंपल यादव के मस्जिद में पहनावे को लेकर अभद्र टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि मस्जिद में सपा की बैठक के दौरान डिंपल बिना सिर ढके बैठी थीं, जो इस्लामिक मर्यादाओं के खिलाफ है। इस बयान ने सपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैला दिया।



पत्नि की गला दबाकर हत्या करने वाला पति दबोचा, हत्या में प्रयुक्त चुनरी की बरामद

बुढ़ाना, 29 जुलाई (बु.)। पांच दिन पूर्व अपनी पत्नि की हत्या करने वाले कलयुगी पति को आज मंगलवार के दिन बुढ़ाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने हत्यारे पति के पास से हत्या में प्रयुक्त की गयी चुनरी भी बरामद कर ली है। पति ने अपनी पत्नि की हत्या चुनरी से गला दबाकर की थी। इससे पहले पुलिस हत्या में नामजद सास ससुर को जेल भेज चुकी है। मृतका के पीहर वालों ने बीते सोमवार को तहसील परिसर में हत्यारे पति की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन भी किया था। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़ी सखावतपुर में पांच दिन पूर्व गुरुवार की देर रात को एक विवाहिता बिट्टो सहरावत की हत्या उसके ससुरालियों के द्वारा चुनरी से गला दबाकर कर दी गयी थी। चर्चा थी कि पति पुत्रियों को ही जन्म देने से अपनी पत्नी से बहुत ही खफा था। हत्या की रात पीहर वालों ने हंगामा करते हुए बुढ़ाना पुलिस से हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की थी, क्योंकि हत्यारे घटना को अंजाम देकर फरार हो गये थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मृतका के वृद्ध सास ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आज गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज ललित कसाना ने फरार हत्यारे पति भगत सिंह को जेल भेजकर उसके छोटे भाई की भी तलाश शुरू कर दी है।

नाग पंचमी के अवसर पर शामली रोड स्थित डब्लू देवता पर भंडारा आयोजित करते नगर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता एनके अरोरा

शेष समाचार : सैन्य कार्यवाही रोकने के लिए...

दिया गया था कि आतंकवाद का करारा जवाब देना है और यह उनकी सरकार का राष्ट्रीय संकल्प है। उन्होंने कहा कि सरकार को अपनी सेना की क्षमता और ताकत पर पूरा भरोसा है इसलिए सेना को कार्रवाई की खुली छूट दी गयी और उसे यह भी कहा गया कि वह खुद तय करे कि उसे कहां, कैसे और किस तरह से जवाब देना है। उनका कहना था कि आतंकवादियों को ऐसी सजा दी गयी कि आज भी आतंकवाद के आकाओं को नींद नहीं आ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकवाद के अड्डों को ध्वस्त किया और उसकी परमाणु ब्लैकमेलिंग को झूठा सिद्ध किया। पाकिस्तान से परमाणु हमले की धमकी भी मिली लेकिन भारतीय सेना रुकी नहीं और सेना ने जिस तरह से उसके एअरबेस ध्वस्त किये वे आज भी जस के तस पड़े हैं। श्री मोदी ने विदेश नीति को लेकर विपक्ष के हमले का जवाब देते हुए कहा कि दुनिया में किसी भी देश ने भारत को अपनी सुरक्षा के लिए शुरू किये गये आपरेशन सिंदूर के तहत कार्रवाई करने से रोका नहीं था। संयुक्त राष्ट्र में 193 देशों में से सिर्फ तीन ने आपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के समर्थन में बयान दिया बाकी किसी भी देश ने कुछ नहीं कहा। दुनिया के देशों से भारत को समर्थन मिलता रहा लेकिन दुर्भाग्य है कि अपने देश के वीरों को अपनों का समर्थन नहीं मिला।

पाकिस्तान को आतंकवाद रोधी समिति का उपाध्यक्ष बनाया जाना क्रूर मजाक: राजनाथ

नयी दिल्ली, 29 जुलाई (वार्ता)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद रोधी समिति का उपाध्यक्ष बनाए जाने की तुलना 'दूध की रखवाली बिल्ली को देने' से करते हुए इस विश्व संगठन को अड़े हाथों लिया है। श्री सिंह ने पाकिस्तान को वैश्विक वित्तीय मदद के औचित्य पर भी यह कहते हुए सवाल उठाए और कहा है कि पाकिस्तान को बाहर से जो भी आर्थिक मदद मिलती है उसका एक बड़ा हिस्सा 'वहां आतंकवाद के कारखानों' में लगता है। श्री सिंह ने अप्रैल में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सैन्य बलों द्वारा पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में पाकिस्तान परस्त आतंकवादी संगठनों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर राज्य सभा में 16 घंटे की विस्तृत चर्चा की शुरूआत करते हुए यह बात कही। उन्होंने ओसामा बिन लादेन और दुनिया में कई देशों में सक्रिय आतंकवादी सरगनाओं के पाकिस्तान में पनाह दिए जाने और वहां से आतंकवादी कार्रवाईयों से उनकी गतिविधियों के चलन की ओर दुनिया का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि यह समिति 9/11 (न्यूयार्क आतंकवादी हमले) के बाद बनी थी ऐसे में 'इस समिति में पाकिस्तान जैसे देश को उपाध्यक्ष बनाया जाना क्रूर मजाक से कम है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से मुक्ति मिलने पर ही दुनिया शांति और प्रगति की दिशा में बढ़ पाएगी जबकि 'पाकिस्तान में आतंकवाद एक धंधा बन गया है उसकी पीठ पर अनेक बैताल बैठ गए हैं जो उसे प्रगति की राह की ओर बढ़ने नहीं दे रहे हैं।' रक्षा मंत्री ने कहा कि दुनिया में आतंकवाद को जड़ से मिटाना जरूरी है और इसके लिए पाकिस्तान से आतंकवाद का सफाया बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा, ''पाकिस्तान यदि आतंकवाद से नहीं लड़ सकता तो भारत उसको मदद दे सकता है।'' उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि भारत और पाकिस्तान ने आजादी के बाद साथ-साथ यात्रा शुरू की थी। भारत को आज 'मदर ऑफ डेमॉक्रेसी ' कहा जाता है जबकि पाकिस्तान 'फादर ऑफ टेरोरिज्म' (आतंकवाद का अब्बा) है। श्री सिंह ने आज साफ-साफ कहा कि आतंकवाद के जरिए भारत को 'हजार जख्म' देने की पाकिस्तान की रणनीति अब ज्यादा दिन नहीं चलेगी और उसका यह खेल उसके लिए महंगा साबित होगा। उन्होंने वैश्विक शांति और प्रगति के लिए आतंकवाद के सफाए को जरूरी बताते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को आंतकवाद को रत्ती भर भी बर्दास्त न करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया को भारत का एक स्पष्ट संदेश बताया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ है। गत 10 मई को इसे पाकिस्तान की सेना के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) के अनुरोध पर इस शर्त के साथ रोका गया है। भारत अब आतंकवादी हमलों को बिल्कुल सहन नहीं करेगा।

ग्रैंड मुफ्ती बोले- निमिषा की मौत की सजा रद्द

नई दिल्ली, 29 जुलाई (एजेंसी)। यमन में जेल में बंद भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा पर संशय गहरा गया है। एक तरफ भारतीय ग्रैंड मुफ्ती कांथापुरम एपी अबूबकर मुसलियार के ऑफिस ने दावा किया है कि निमिषा प्रिया की पहले स्थगित की गई मौत की सजा को अब रद्द कर दिया गया है। वहीं, दूसरी तरफ विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने निमिषा की सजा रद्द होने की जानकारियों को भ्रामक बताया है। उन्होंने कहा कि ये जानकारियां मौजूदा स्थिति को सही ढंग से नहीं दर्शाती। निमिषा प्रिया यमन में एक हत्या के मामले में मौत की सजा का सामना कर रही हैं। उसे जून 2018 में एक यमनी नागरिक की हत्या के लिए दोषी ठहराया गया था। इस मामले में उसे 16 जुलाई को मौत की सजा दी जानी थी। हालांकि, इससे पहले ही 15 जुलाई को निमिषा की सजा अस्थाई रूप से टाल दी गई थी। आपको बता दें कि यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या के मामले में फंसी भारत की नर्स निमिषा प्रिया को माफ करने से महदी परिवार ने इन्कार कर दिया था।

मात्र 32.4 एमएम बारिश से जलमग्न हुआ शहर

मुजफ्फरनगर, 29 जुलाई (बु.)। मंगलवार दिन निकलने के साथ जनपद में हुई झमाझम बारिश से अधिकांश सड़कें नालों में पूरी तरह तब्दील होती हुई नजर आई। हालांकि नगरीय क्षेत्र में बारिश थमने के कुछ देर बाद मुख्य बाजारों के साथ शिवचौक से पानी उतरने का क्रम शुरू हो गया, लेकिन बारिश के बीच मुख्य बाजारों समेत कई गली-मौहल्लों के अलावा निचली बस्तियों में इस बीच कई-कई फीट पानी भर जाने से बड़ी संख्या में दुपहिया व चौपहिया वाहनों में पानी भरने के कारण बीच में बंद हो गए। मौसम विभाग के जारी आंकड़ों में तापमान में करीब 5 डिग्री की गिरावट के बीच में 32.4 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। उधर, ग्रामीणों क्षेत्रों में झमाझम बारिश से फसलों को काफी लाभ होगा।

मानसून की समय से पूर्व हुई दस्तक के बीच श्रावण माह के पहले दिन से जनपद में रिमझिम और झमाझम बारिश के शुरू दौर के बीच इस बार मौसम सुहाना बना हुआ है। इस बीच कुछेक दिनों को छोड़ दिया जाए तो इस बार बारिश किसानों के चेहरों पर मुस्कान लाने के साथ आमजन को राहत भरी साबित हो रही है। सोमवार को नगर के कुछ क्षेत्रों में झमाझम बारिश और कुछ इलाकों में भारी जलभराव की शिकायतों के बीच मंगलवार दिन निकलने के साथ हुई बारिश ने मौसम को फिर से सुहाना कर दिया। सुबह शुरू हुई झमाझम बारिश से नगर के हृदय स्थल शिवचौक समेत अन्य बाजारों में बारिश से लोगों को राहत मिली। वहीं जनकपुरी, रामपुरी के साथ अन्य निचली बस्तियों में इस बीच जलभराव हो गया। मौसम में आए बदलाव के चलते जिले में हालांकि मौसम विभाग के पैमाने पर समय सीमा की बाध्यता के चलते अधिक बारिश रिकॉर्ड नहीं की जा सकी। हालांकि इस बीच बारिश ने शहर में हुए नाला सफाई कार्य को भी प्रभावित कर दिया। मौसम में आए बदलाव के बीच मंगलवार को अधिकतम तापमान 28.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस और बारिश 32.4 एमएम रिकॉर्ड की गई।

हिमाचल के मंडी में बादल फटने से फिर बरपा कहर, तीन की मौत

मंडी, 29 जुलाई (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में भारी बारिश ने फिर तबाही मचाई है। बादल फटने से इस बार मंडी शहर के विभिन्न स्थानों पर कहर बरपा है। मंडी शहर के जेल रोड़ में अभी तक तीन लोगों की पानी के बहाव में बहने से मौत की पुष्टि हुई है। एक महिला का शव मलबे में दबी गाड़ियों के बीच में फंसा हुआ था, जिसे कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकला गया। मलबे में फंसे कई लोगों को खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला गया। मंडी सदर क्षेत्र के सभी शिक्षण संस्थान आज बंद रखने का फैसला लिया गया। बादल फटने के बाद आई बाढ़ में दर्जनों छोटे-बड़े वाहन मलबे में दब गए हैं और कुछ बह गए हैं। इसके अलावा पैलेस कॉलोनी, जोनल अस्पताल और अन्य स्थानों पर बारिश ने कहर बरपाया है।

सहारनपुर के दौरे पर आयेंगे योगी आदित्यनाथ

सहारनपुर, 29 जुलाई (वार्ता)। राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सहारनपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने और विकास योजनाओं की समीक्षा करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर सहारनपुर आने वाले हैं। जिला प्रशासन को उनके आगमन की तैयारियों के लिए कहा गया है। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने मंगलवार को बताया कि प्रशासन मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर अपनी तैयारियां कर रहा है और उनके कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। हरियाणा और उत्तराखंड की सीमाओं से सटे इस जिले की जातीय और सामाजिक स्थिति के समीकरण भाजपा के माफिक नहीं है। वजह, यहां 40 फीसद से ऊपर मुस्लिम मतदाता हैं और 20 फीसद से ज्यादा दलित मतदाता हैं। चुनाव में तीव्र ध्रुवीकरण का नुकसान भाजपा को उठाना पड़ता है। पिछले दो चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जबरदस्त लोकप्रियता के बावजूद सहारनपुर लोकसभा सीट पर क्रमशः बसपा के फजलुर्रहमान कुरैशी (2019) और कांग्रेस के इमरान मसूद (2024) में सांसद चुने गए। आगामी विधानसभा चुनाव भी भाजपा के लिए कड़ी परीक्षा साबित होंगे। यदि विपक्षी दलों में खासकर और कांग्रेस और सपा में गठबंधन होता है तो भाजपा की जीत की संभावनाएं बहुत कम रह जाएंगी। पिछले लोकसभा चुनावों में इस जिले की सात सीटों में से भाजपा पांच सीटों पर पीछे रही थी। राजपूतों की वर्चस्व वाली देवबंद सीट पर ही भाजपा का प्रभाव दिखा था। रामपुर मनिहारान सुरक्षित सीट पर मुकाबला बराबरी का था, जबकि सहारनपुर नगर भाजपा का गढ़ मानी जाती है। सहारनपुर देहात और शाकुम्बरी शक्तिपीठ वाली बेहट विधानसभा सीट. गंगोह विधानसभा सीट और नकुड़ विधानसभा सीट पर भाजपा काफी पिछड़ी। हालांकि वर्तमान में नकुड़, गंगोह, सहारनपुर शहर, देवबंद और रामपुर मनिहारान भाजपा के पास है। लेकिन पूरे जनपद में भाजपा के भीतर जबरदस्त कलह है और लोकसभा चुनावों के दौरान गूर्जर और राजपूतों के बीच जो खाई पैदा हुई थी वह और गहरी हुई है। लोकसभा चुनाव में राजपूतों की नाराजगी के कारण भाजपा के गूर्जर सांसद प्रदीप चौधरी और ब्राह्मण समाज के सम्मानित नेता राघव लखनपाल शर्मा को पराजय का मुंह देखना पड़ा था। जिले में हिंदू गूर्जर बिरादरी की संख्या सबसे ज्यादा है। उसके बाद सैनी बिरादरी है जिसके प्रमुख एवं सम्मानित नेता यशवंत सैनी योगी मंत्रिमंडल में बतौर राज्यमंत्री शामिल हैं।

दिल्ली-एनसीआर में रेड अलर्ट जारी, अगले सात दिन बारिश का अनुमान

नयी दिल्ली 29 जुलाई (वार्ता)। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और अन्य राज्यों में अगले सात दिनों में बारिश होने का अनुमान जताया है। आईएमडी ने अनुसार दिल्ली-एनसीआर में आज मूसलाधार बारिश होने के बाद रेड अलर्ट जारी कर दिया। राजधानी समेत पूरे एनसीआर में आज सुबह से तेज बारिश होने से जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने दिल्ली में आज पूरे दिन बारिश रुक-रुक बारिश होने का अनुमान जताया गया, लेकिन जब सुबह बारिश शुरू हुई तो उस समय अधिकतर लोग दफ्तर रवाना हो रहे थे। तेज बारिश के कारण आईटीओ, धौला कुआं, नारायणा, पटेल नगर, विजय चौक, जंगपुरा, आर के पुरम, लाजपत नगर, तालकटोरा रोड, रफी मार्ग, वजीरपुर, भजनपुरा और रोहिणी से लेकर लगभग पूरे दिल्ली के इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया जिसके कारण लोगों को ऑफिस पहुंचने में काफी दिक्कत हुई। बारिश से सड़कों में पानी जमा होने से यातायात जाम हो गया और वाहनों की लम्बी कतारें देखी गयी है। वहीं नोएडा में कई जगहों पर भारी जलभराव हो गया है, जिससे सड़कों पर लंबा जाम लग गया। क्षेत्रीय मौसम केंद्र के अनुसार अगले सात दिनों तक यानी तीन अगस्त तक दिल्ली-एनसीआर में बारिश जारी रहने के आसार है। राजधानी के मुंगेशपुर, नजफगढ़, जाफरपुर, पीतमपुरा, विश्वविद्यालय नॉर्थ कैंपस, रिज, लाल किला, चांदनी चौक, सफदरजंग, नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन, पूसा, बहाई, कुतुब मीनार, आयानगर सहित कई इलाकों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 29 से 31 डिग्री सेल्सियस और 23 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस तक अधिक और अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस तक कम रह सकता है।

देर शाम शहर के शिवचौक पर रुटीन चैकिंग में वाहन चालकों की तलाशी लेत पुलिस

जेसीबी लेकर परिक्रमा मार्ग पर उतरी चेयरपर्सन, 7 घंटे डटी रही

मुजफ्फरनगर, 29 जुलाई (बु.)। मंगलवार को बारिश के बाद एक बार फिर जनसमस्याओं को गंभीरता से लेते हुए पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप और वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप जनता के बीच पहुंचे। पालिका टीम के साथ परिक्रमा मार्ग पर पहुंच श्रीराम कॉलेज के आसपास सड़क पर जलभराव की समस्या को समझते हुए तत्काल समाधान के लिए युद्धस्तर पर काम शुरू कराया। इस बीच नाला सफाई अभियान चलाकर उन्होंने संदेश दिया कि जनहित में नगर पालिका जवाबदेह और संवेदनशील है। उन्होंने अफसरों को सख्त नसीहत के साथ स्पष्ट किया कि भविष्य में लापरवाही नहीं चलेगी। नगरपालिका सीमा विस्तार के बाद शहर का हिस्सा बने परिक्रमा मार्ग पर बिना बारिश कई वर्षों से जलभराव की बनी समस्या के निदान को पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप मौके पर टीम के साथ पहुंचे। सुबह करीब साढ़े दस बजे निरीक्षण के दौरान वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान की मंशा के साथ परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीराम कॉलेज क्षेत्र में जलभराव की स्थिति को गंभीरता से लिया। करीब चार साल पूर्व एटूजेड रोड भगीरथ चौक से लेकर रेशू विहार रेलवे फाटक तक नाला निर्माण कार्य पास हुआ था। मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण द्वारा 2022 में इस नाले का निर्माण कार्य पूर्ण किया, इस पर करीब 45 लाख रुपये की लागत आई थी। निर्माण में उक्त नाला कहीं सड़क से ऊंचा कहीं नीचा बना दिया था जिससे जलभराव की समस्या बनी रहती है। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने फील्ड में आने के बाद पालिका की पूरी टीम को मौके पर तलब किया और करीब 7 घंटे से ज्यादा समय तक फील्ड में रहकर क्षेत्रीय लोगों से सीधे संवाद करते हुए समस्याओं को समझा और भरोसा दिलाया कि पालिका जनहितों को लेकर संवेदनशील और जवाबदेह होकर कार्य कर रही है। इस बीच उन्होंने 3 जेसीबी, दो डंपर, एक रोबोट मशीन, 15 सफाईकर्मी और नाला गैंग को लगाकर मौके पर मॉनीटरिंग की। इस दौरान भाजपा नेता विकल्प जैन, वार्ड सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, अमित पाल, एनएसए डॉ. अजय प्रताप शाही, एई जल सुनील कुमार, एई निर्माण नैपाल सिंह, जेई जल धर्मवीर सिंह, जेई निर्माण राजीव सोनकर, एसएफ आई प्लाक्षा मैनवाल, लिपिक गोपाल त्यागी, संजीव सिंघल, जोन्टी त्यागी, सचिन अग्रवाल समेत स्थानीय लोग मौजूद रहे।

इन्होंने कहा- पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि निरीक्षण में मूल समस्या गलत नाला निर्माण के कारण बनी है। सड़क नाले से नीची होने के कारण ओवरफ्लो में नाले से पानी सड़क पर भर जाता है, यह नाला पूर्व कार्यकाल से भी करीब एक साल पहले बना था, इसके लिए हमने एमडीए को कई बार पत्र लिखकर समस्या का समाधान करने के लिए कहा, लेकिन अब पालिका स्वयं स्थाई समाधान करने जा रही है। इसमें रेशू विहार फाटक से अलमासपुर एटूजेड रोड तक जल निकासी के लिए सीवर लाइन डालने को टैंडर 30 जुलाई में खुल रहा है। इसके साथ ही अलामासपुर चौक पर बनी पुलिया से जल निकासी के अवरोध को खत्म कराने के बाद इस सड़क का निर्माण होगा। उन्होंने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि जनसरोकारों से समझौता नहीं किया जाएगा। जहां समस्या है, वहां समाधान के लिए तत्काल प्रभाव से कार्य किया जाएगा। जनता को राहत पहुंचाना भाजपा शासन की प्राथमिकता है और पालिका प्रशासन को जवाबदेह बनाया जा रहा है।

जलभराव समस्या का किया अफसरों संग निरीक्षण, लगाई फटकार

यूपी में 23 आईएएस अफसरों का हुआ ट्रांसफर, नोएडा और गाजियाबाद समेत कई जिलों के बदल गए डीएम

लखनऊ, 29 जुलाई (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में 23 आईएएस अफसरों का ट्रांसफर कर दिया गया है। इसके चलते कई जिलों के जिलाधिकारियों का तबादला हुआ है। गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद के डीएम बदल दिए गए हैं। गोंडा, गोरखपुर, प्रयागराज, कासगंज, कानपुर देहात, ललितपुर, मिर्जापुर के डीएम भी बदले गए हैं। अयोध्या के कमिश्नर का तबादला कर दिया गया है। जिन आईएएस अधिकारियों का ट्रांसफर हुआ उनकी लिस्ट सामने आई है। इसमें मोनिका रानी, मनीष कुमार वर्मा और अक्षय त्रिपाठी का नाम शामिल है। इसके पहले उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने 2023 बैच के 19 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए थे। ये ट्रांसफर 24 जुलाई को किए गए थे। इनमें मुख्य रूप से जॉइंट मजिस्ट्रेट और अन्य प्रशासनिक पदों पर तैनात किए गए अधिकारी थे। ये तबादले प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और युवा अधिकारियों को फील्ड अनुभव देने के उद्देश्य से किए गए थे।